# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 328 / /प्रशा0/MSU/2025–26
दिनांक : 16-5-25

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के सम्बन्ध में मा0 कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनाक 05.05.2025 को सम्पन्न हुई बैठक में दिये गये निर्देशानुसार "Yoga for One Earth, One Health" निर्धारित थीम पर कार्य योजना तैयार करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश के संलग्न पत्र संख्या–ई–3070/32–जी0एस0/2025, दिनांक 15 मई, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालयों/ संस्थानों में आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए 10 प्रकार के कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में दिये गये सुझावों के अनुसार दिनांक 01.06.2025 से विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सम्बन्धित महाविद्यालय में अपने तरीके से समय सारणी बनाकर अपने–अपने विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सम्बन्धित महाविद्यालय में कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र में उल्लिखित 10 कार्यक्रम समस्त सम्बन्धित द्वारा कराया जाना अनिवार्य है। कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स एवं विडियों भी सुरक्षित रखे।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल के निजी सचिव को विशेष कार्याधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ।
02. संयोजक/नोडल अधिकारी, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. समस्त सहायक कुलसचिव।
06. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।

सहायक कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**
**लखनऊ–226027**

पत्रांकः ई– 3070 / 32–जी.एस. / 2025
दिनांकः 15 मई, 2025

प्रेषक,

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के सम्बन्ध में माननीय कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 05.05.2025 को सम्पन्न हुई बैठक में दिये गये निर्देशानुसार "Yoga for One Earth, One Health" निर्धारित थीम पर कार्य योजना तैयार करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा विश्वविद्यालयों / संस्थानों में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के लिए निम्नलिखित 10 प्रकार के कार्यक्रम करने हेतु सुझाव प्रदान किए गए हैं:–

1. **'विरासत से विकासः योग की भूमिका' –**
इस विषय पर एक विचारोत्तेजक परिचर्चा का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें विषय विशेषज्ञ योग के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालेंगे।

2. **'एक साथ योगः संकल्प और सामूहिकता का प्रतीक'–**
विश्वविद्यालय / महाविद्यालय परिसर में भव्य योग प्रदर्शन का आयोजन किया जाए, जिसमें एक ही दिन में कम से कम 51,000 प्रतिभागी एक साथ योगाभ्यास करें, जो एकता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनेगा ।

3. **'अंतर्राष्ट्रीय योग संगोष्ठीः ज्ञान और अनुभव का संगम'–**
एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाए, जिसमें देश–विदेश के योग विशेषज्ञ, शोधकर्ता और Practitioner अपने ज्ञान और अनुभवों का साझा करें।

4. **'योग वाटिका (पार्क): प्रकृति और शांति का आशियाना' –**
विश्वविद्यालय में एक मनमोहक योग पार्क विकसित किया जाए, जो प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हो और जहाँ विद्यार्थी एवं शिक्षक शांत वातावरण में योगाभ्यास कर सकें।

5. **'योग साहित्यः ज्ञान का अक्षय भंडार (योग पर पुस्तक प्रकाशन)'** – योग के विभिन्न पहलुओं पर उच्च गुणवत्ता वाली पुस्तकों का प्रकाशन किया जाए, जो न केवल विश्वविद्यालय समुदाय बल्कि व्यापक समाज के लिए भी ज्ञान का स्रोत बनें।

6. **'चंदन वाटिका एवं तालाबः प्रकृति की गोद में विश्राम'** – विश्वविद्यालय में सुगंधित चंदन के वृक्षों से युक्त वाटिका और एक शांत तालाब विकसित किया जाए, जो एक आकर्षक पिकनिक स्थल के रूप में विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रकृति के करीब आने और योग अभ्यास करने तथा विश्राम करने का अवसर प्रदान करें।

7. **'योग मैराथनः स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम'** – समाज के सभी वर्गों को एक साथ जोड़ने के लिए एक ऊर्जावान योग मैराथन का आयोजन किया जाए, जो स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को बढ़ावा दे।

8. **'सामूहिक सूर्य नमस्कारः ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव'** – विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाए, जिससे विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार हो और एकाग्रता में वृद्धि हो।

9. **'रोग निवारण में योगः वैज्ञानिक शोध एवं निष्कर्ष'**– विभिन्न रोगों पर योग के सकारात्मक प्रभावों पर वैज्ञानिक शोध और शोध पत्रों को प्रोत्साहित किया जाए और उनके निष्कर्षों को सार्वजनिक किया जाए।

10. **'प्रकृति का महत्वः एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी' (पेड़ की उपयोगिता पर प्रदर्शनी)** पेड़ों की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाली एक जानकारीपूर्ण प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिससे प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़े।

अतः उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दिये गये उक्त सुझावों के अनुसार दिनांक 01.06.2025 से सभी विश्वविद्यालय/संस्थान तथा संबंधित महाविद्यालयों में अपने तरीके से समय सारणी बनाकर अपने–अपने विश्वविद्यालय/संस्थान तथा सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों में कार्यक्रम कराएं। उपर्युक्त समस्त दस कार्यक्रम सभी के लिए करना अनिवार्य है।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. विशेष सचिव श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
2. परिसहाय (ए./पी.) श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
3. अपर मुख्य सचिव के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

**( हेमन्त कुमार चौधरी )**
कुलाधिपति के उप सचिव।